(A+B+C)
AP-7

सामान्य अध्ययन (टेस्ट - I)

GENERAL STUDIES (Test - I)

मॉड्यूल - I / Module - I

DTVF/17–M–GS1

निर्धारित समय: तीन घंटे
Time allowed: Three Hours

अधिकतम अंक: 250
Maximum Marks: 250

नाम (Name): Chetan Kumar

क्या आप इस बार मुख्य परीक्षा दे रहे हैं? हाँ ✓ नहीं

मोबाइल नं. (Mobile No.):

ई-मेल पता (E-mail address):

टेस्ट नं. एवं दिनांक (Test No. & Date):

रोल नं. [यू.पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा-2017] [Roll.No. UPSC (Pre) Exam-2017]:

0	2	5	4	8	0	8

परीक्षा का माध्यम (Medium of Exam.): Hindi

विद्यार्थी के हस्ताक्षर (Student's Signature): Chetan

नोट: प्रश्न-पत्र के लिये विशिष्ट अनुदेश अंतिम पृष्ठ पर संलग्न है।

Evaluation Analysis



Copyright – Drishti The Vision Foundation

व्यापक विश्लेषण / Macro Analysis

- विषय वस्तु पर ध्यान दें।
- शुद्ध लिखने का प्रयत्न करें।
-
-

Grade Card	
Grade 'A'	Very Good
Grade 'B'	Good
Grade 'C'	Satisfactory
Grade 'D'	Poor

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

1. "बंगाल के राष्ट्रवादी कलाकार कला की एक ऐसी विधा की ओर उन्मुख हुए जिसने राष्ट्र के प्राचीन मिथकों एवं जनश्रुतियों को विभिन्न चित्रात्मक तत्त्वों को मिश्रित करके एक नवीन भारतीय शैली को जन्म दिया, जो पूर्वी दुनिया के आध्यात्मिक रंग में रंगी हुई थी।" उक्त कला के तत्त्वों के आधार पर कथन का विवेचन कीजिये। (250 शब्द) 12.5

"The nationalist artists of Bengal were oriented towards such kind of knowing of the art that generated a new genre by mixing ancient myths and legends of the nation with various pictorial elements, that was painted in the spiritual color of the Eastern World." Discuss statement on the basis of the elements of above art. (250 words) 12.5

यह वह समय था जब 19वीं सदी की शुरुआत हो रही थी और राष्ट्रवाद अपनी नई दिशा खोज रहा था। एक ओर उदारवादी थे तो दूसरी ओर उग्रवादी। ये दोनों ही अपने अपने तरीके से स्वदेशीकरण पर बल दे रहे थे।

इस समय राष्ट्रवादी नेता ब्रिटिश की आर्थिक नीतियों की पोल खोल रहे थे। ऐसे स्वदेशीकरण के वातावरण में कलाकार भी प्रभावित हो रहे थे कि वे अपनी स्वदेशी पूर्व परंपराओं से अपनी कला का मार्ग तलाशें।

वस्तुतः बंगाल में राष्ट्रवादी गतिविधियाँ अपने उफान पर थी, तब अवीन्द्र नाथ टैगोर ने राजपूती चित्रकला शैली को मुगल

शैली को स्पष्ट करें

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

चित्रकला शैली में मिलाकर उसमें पश्चिमी चित्रकला के तत्वों को भी शामिल किया। इस शैली को 'ठाकुर शैली' नाम दिया गया। जिसमें विषयवस्तु के तौर पर भारतीय मिथकों जैसे बुद्ध, जातक कथाएँ, भारत माता का चित्रण किया और रंगों के तौर पर राजपूती शैली को अपनाया तथा पश्चिम की तरह स्वाभाविकता का ध्यान रखा।

इसी प्रकार के अन्य राष्ट्रवादी चित्रकार नंदलाल थे, जिन्होंने चित्रकला में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छात्रवृत्ति जीती तथा राष्ट्रवादी विषयों पर आधारित चित्र बनाए, जिनकी सांस्कृतिक प्रेरणा वे अपने समृद्ध ऐतिहासिक शैलियों से खोजते हैं।

वस्तुतः स्वदेशी आंदोलन ने जिस स्वदेशी अपनाओ का नारा दिया, उसे इन बंगाली चित्रकारों ने अपने चित्रों में व चित्रकला में आत्मसात किया और इसके जरिये चित्रकला में पश्चिमी आधिपत्य को चुनौती दी।

• प्रश्न के अनुरूप नहीं हुआ
• तत्वों को बांटें को

2

641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

2. "भक्तिकाल से रीतिकाल की ओर प्रस्थान की जो झलक तत्कालीन साहित्य में मिलती है, वह वास्तव में सिद्धांत और व्यवहार में सामाजिक विचारों को दर्शाती है, जो जनता की आशा-आकांक्षाओं और चित्तवृत्ति का प्रत्यक्ष प्रतिबिम्ब है।" व्याख्या कीजिये। (250 शब्द) 12.5

"The glimpse of the shifting from Bhaktikal to Reetikal, which reflects in the literature of that time, actually portrays social notion in principle and practice, which is a direct reflection of the common man's expectations aspirations and imaginations." Explain. (250 words) 12.5

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

हिन्दी साहित्य इतिहास का परिवर्तन है।

उपरोक्त कथन प्रदर्शित करता है कि भक्तिकाल में सुधारों की जो चेतना चल रही थी, वह रीतिकाल में अपना रूप बदलती है और यह परिवर्तन अपने समय की राजनीति, अर्थव्यवस्था व स्थितियों में परिवर्तन के कारण हुआ।

वस्तुतः भक्तिकाल में मुस्लिम आधिपत्य भारत में स्थापित हुआ था। इस दौर व्यापक राजनीतिक, आर्थिक व धार्मिक परिवर्तन हुए, जिनकी झलक भक्तिकालीन साहित्य में दिखाई देती है। वस्तुतः कबीर आदि संतों में जो सामाजिक व धार्मिक सुधार की प्रेरणा सामने रही, मुस्लिम संस्कृति की संस्कृति से प्रेरित थी। इसलिए वे वर्णव्यवस्था, धार्मिक कर्मकाण्डों पर चोट करते हैं। तथा सूफी कवि अपनी समन्वयकारी चेतना से 'गंगा जमुनी तहजीब' का निर्माण करते हैं।

Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

किन्तु, रीतिकाल के समय भारत में केन्द्रीकृत मुगल शासन स्थापित हुआ, जिससे सामंतों के बीच होने वाले युद्ध समाप्त हो गए। अब सामंतों के पास समय गुजारने के लिए साहित्य का अवलंबन करना पड़ा।

इन सामंतों के दरबार में रहकर कवियों ने उन्हें मनोरंजन प्रदान करने हेतु नारी के भोगमूलक चित्रण, युग समस्याओं से दूरी के रूप में दिखाई देती है। भक्तिकाल ने भक्ति की जो अलख जगाई, वह भी रहीम, विद्यापति आदि के जरिये जारी रही।

वस्तुतः रीतिकाल में साहित्य के स्तर पर नैतिकता का पतन, नारी की स्थिति में गिरावट, आदि समाज में हो रहे परिवर्तनों की ही द्योतक है।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि रीतिकाल भक्तिकाल से अपनी सुधारवादी दृष्टि को थाम नहीं पाया, जो तत्कालीन जनता की चित्तवृत्तियों में हो रहे परिवर्तन का ही प्रभाव था।

8

दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

3. 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' सांस्कृतिक विविधता एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति के महत्त्वपूर्ण अवयव के रूप में पहचानी जाती है, जो भूतकाल की परंपराओं के साथ-साथ समकालीन प्रथाओं को भी आत्मसात करती है। उक्त कथन को स्पष्ट करते हुए यूनेस्को द्वारा भारत में पहचाने गए ऐसे प्रतिनिधि विरासतों की चर्चा कीजिये। (250 शब्द) 12.5

'Intangible Cultural Heritage' is recognised as the important component of cultural diversity and creative expression which assimilates contemporary practices along with the traditions of the past. Discuss such representative heritages identified by UNESCO in India while explaining the above statement. (250 words) 12.5

अमूर्त सांस्कृतिक विरासत वे हैं जो हमें प्रत्यक्ष रूप से दिखाई नहीं देती, बल्कि चेतना के स्तर पर होती हैं।

अमूर्त सांस्कृतिक विरासत में भाषा, आचार विचार, दर्शन, गायन परंपरा, नैतिक मूल्य, खान पान के तरीके, रुचियाँ, परंपराएँ, रीतियाँ, प्रथाएँ, सामाजिक आचरणकानून आदि आते हैं।

गौरतलब है कि भाषा वह धारा है जो अभी भूतकाल में हुए परिवर्तनों, रचनाओं, प्रवृत्तियों, ज्ञान, दर्शन, परंपराओं को भावी पीढ़ी तक पहुँचाती है। चाहे बड़ों का सम्मान करने की परंपरा हो या विवाह जैसी परंपरा, ये अमूर्त सांस्कृतिक विरासत से ही आगे बढ़ती हैं।

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

अमूर्त सांस्कृतिक विरासत हमारी साहित्यिक प्रवृत्तियों, रचनात्मक गतिविधियों, विचारों के स्तर, नैतिक प्रतिमानों को आगे बढ़ाती है। भारत के विविध धर्मों, जातियों, नस्लों, संप्रदायों की मान्यताएँ, प्रथाएँ, विविध सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के जरिये आगे बढ़ती है।

यूनेस्को द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, बुद्ध मंत्रोच्चार, रम्मन, संकीर्तन, आदि अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को अपनी सूची में शामिल किया है, जो भारत के विविध धर्मों, प्राचीन मान्यताओं व परंपराओं को वैश्विक ख्याति दिलाती है।

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें। (Please do not write anything except the question number in this space)

4. किसी भाषा को शास्त्रीय भाषा के रूप में चिह्नित करने वाले मापदंडों की चर्चा कीजिये। इस प्रवर्ग में शामिल भाषाओं का उल्लेख करते हुए इसके लाभ बताइये। (250 शब्द) 12.5

Discuss the parameters that identify a language as classical language. Describe it's benefits while mentioning the languages included in this category. (250 words) 12.5

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)

साहित्य अकादमी द्वारा किसी भी भाषा को शास्त्रीय भाषा घोषित करने के कुछ मापदंड तय किए हैं, जो हैं -

(1) 1500-2000 वर्षों की प्राचीन परंपरा रही हो अर्थात जिसका प्रचलन रहा हो।

(2) किसी दूसरी भाषा पर निर्भर न करती हो

(3) जिसमें स्पष्ट साहित्यिक परंपरा रही हो

गौरतलब है कि इन प्रतिमानों के आधार पर संस्कृत, तमिल, तेलगु, मलयालम, कन्नड़, उड़िया को शास्त्रीय भाषा के रूप में शामिल किया है।

किसी भाषा को शास्त्रीय भाषा मिलने का तात्पर्य है कि वह 'एलिट दर्जा'

आधुनिक से अलग

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

रखती है। यह उस भाषिक परंपरा के लोगों में भाषा के प्रति सम्मान बढ़ाता है।

शास्त्रीय दर्जा प्राप्त भाषा को विश्वविद्यालयों में पढ़ाने की व्यवस्था की जाती है तथा इस भाषा के विकास हेतु साहित्य अकादमी वित्तीय मदद उपलब्ध कराती है। तथा भाषा के शोध व साहित्य के विकास व समीक्षा के लिए प्रेरित करती है।

o उत्कृष्टता केन्द्र में अध्ययन
o अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार

5 1/2

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

5. 'वसुधैव कुटुम्बकम' की विश्व बंधुत्व की धारणा सभी पंथों व नस्लों को सौहार्द्रता के साथ जीने का आधार प्रदान करती है, लेकिन वर्तमान में यजदी समुदाय जिस शोषण व हिंसा का शिकार है, वह कहीं-न-कहीं इस धारणा पर प्रश्नचिह्न लगाता है। यजदी समुदाय के धार्मिक विश्वासों का उल्लेख करते हुए उक्त कथन की व्याख्या कीजिये। (250 शब्द) 12.5

The notion of universal brotherhood of 'Vasudhaiva Kutumbkam' provides the base to all sects and races for living together with harmony. But at present the exploitation and violence, which Yazidi community is facing are putting somewhere a question mark on this notion. Describe the statement given above while mentioning the religious beliefs of the Yazidi Community. (250 words) 12.5

'वसुधैव कुटुम्बकम' एक अवधारणा है जो सभी धर्म, नस्लों, समुदायों को अस्तित्व के लिए प्रेरित करती है। प्राचीन भारतीय संस्कृति से लेकर पुरानी संस्कृति में 'वसुधैव कुटुम्बम' को सैद्धान्तिक रूप से अपनाया गया है।

किन्तु, वर्तमान विश्व की पड़ताल करें तो अनेक समुदाय अभी भी अपनी पहचान, जन्मभूमि व अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं। इराक, सीरिया व तुर्की क्षेत्र के यजीदी, कुर्द, म्यांमार में रोहिंग्या, तिब्बत में तिब्बती, शिनजियांग में मुस्लिम अभी भी पहचान के लिए जूझ रहे हैं।

वास्तव: यजीदी समुदाय अपनी विशेष धार्मिक स्थिति के लिए जाना जाता है और

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें। (Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)

यह है उनका किसी भी अलौकिक देवता पर विश्वास न होना। वे अपने प्राकृतिक देवताओं को मानते हैं। और अपनी विशेष पहचान को किसी भी हालत में न छोड़ना उनका गुण है। वर्तमान में आईएसआईएल द्वारा उनके सर्वाधिक उत्पीडन का कारण भी यही है कि वे अपनी विशेष धार्मिक पहचान को छोड़कर मुस्लिम धर्म अपनाने और स्वघोषित 'खलीफा साम्राज्य' में शामिल होने को तैयार नहीं है।

स्पष्ट है कि विभिन्न समुदाय व धर्मों का अपने अस्तित्व के लिए जूझना 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की खंडित होती अवधारणा में निहित है। इसी का नतीजा है कि सभी राष्ट्र अपने राष्ट्रीय हितों से ऊपर उठकर ऐसे समुदायों को जगह देने को तैयार नहीं है।

जाजीदी समुदाय के पुनर्वास का प्रयास

4½

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

6. "देश का बँटवारा एक ऐसी सांप्रदायिक राजनीति का आखिरी बिन्दु था, जो 19वीं शताब्दी के अंतिम दशकों में शुरू हुआ।" परीक्षण कीजिये। (250 शब्द) 12.5

"Partition of the country was the end point of communal politics that started in the last decades of 19th century." Examine. (250 words) 12.5

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

सांप्रदायिक राजनीति से तात्पर्य

भारत के 'द्विराष्ट्र' के रूप में विभाजन को लेकर सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, ब्रिटिश नीतियाँ व राजनीतिक परिस्थितियों को उत्तरदायी ठहराया जाता है।

विभाजन में सर्वाधिक योगदान सांप्रदायिक राजनीति का रहा है, जिसे निम्न बिंदुओं में देख सकते हैं-

(1) 19 वीं शताब्दी के अंतिम दशकों में विभिन्न भारतीय राजनेता सामाजिक धार्मिक मुद्दों से प्रेरित होकर अपनी राजनीतिक माँग रख रहे थे। एक ओर ~~भारत~~ सैय्यद अहमद खाँ मुस्लिम उत्थान के लिए ब्रिटिश विभाजनकारी नीतियों का समर्थन कर रहे थे, तो तिलक 'गणेश उत्सव' व 'शिवाजी महोत्सव' के जरिये अपनी राष्ट्रवादी माँगे उठा रहे थे। इससे सांप्रदायिकता के बीज बोने शुरू हुए।

(2) कांग्रेस को हिंदुओं का संगठन कह मुस्लिम

Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

लीग ने 1909 के अधिनियम से पृथक निर्वाचन की माँग को पूरा करवाया और बंगाल विभाजन को मुस्लिम हितों से जोड़ा।

(2) 1916 में लखनऊ अधिवेशन में पृथक निर्वाचन की माँग को स्वीकृति देकर काँग्रेस ने सांप्रदायिक राजनीति को मान्यता दे दी, जिसका जिन्ना जैसे लोग विरोध कर रहे थे।

(3) दूसरी ओर हिन्दू अखिल भारतीय हिन्दू महासभा हिन्दू हितों को सभा आगे बढ़ा रही थी, इसी क्रिया प्रतिक्रिया में लीग तथा हिन्दू महासभा और सांप्रदायिक होते गये।

• बंगाल विभाजन
• कम्युनल अवार्ड

(4) 1929 की नेहरू रिपोर्ट ने पृथक निर्वाचन की रिपोर्ट को खारिज किया, जिसके विरोध में जिन्ना की 14 सूत्रीय सांप्रदायिक माँगे सामने आयी। यही सांप्रदायिक राजनीति अंग्रेजों की 'फूट डालो राज करो' की प्रेरणा दे रही थी।

(5) काँग्रेस यद्यपि सांप्रदायिक राजनीति से बचती रही किन्तु इसे दूर करने के कोई उपाय नहीं कर पा रही। जो लखनऊ समझौते व नेहरू रिपोर्ट की विरोधाभासी स्थितियों में दिखता है।

Copyright - Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

(6) सांप्रदायिकता की यह राजनीति बढ़ती रही जो सावरकर के 'हिंदू राष्ट्रवाद' व लीग की 'पृथक पाकिस्तान की माँग' के जरिये उत्तरोत्तर रूप से बढ़ी और देश का सांप्रदायिक आधार पर विभाजन के रूप में आकर मंद पड़ी।

कुल मिलाकर भारतीय विभाजन को स्वार्थ परक राजनीतिक उद्देश्यों से उपजी परिस्थितियों की देन कहा जा सकता है।

सांप्रदायिक राजनीति विभाजन के साथ समाप्त नहीं हुई।

4

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

	Introduction	Context	Content	Language	Current Link / Examples	Conclusion	Error
Marks	¼	2	1½	¼		0	2
Grade	B	B	C	B			

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

7. "राष्ट्रीय आंदोलन के विभिन्न कालखंडों में किसानों की मांगों के प्रति कांग्रेस के दृष्टिकोण में भारी विविधता दृष्टिगत होती है।" स्पष्ट कीजिये। (250 शब्द) 12.5

"There is a huge diversity can be observed in the Congress's stand-point towards the demand of the peasants in different time segments of the national movement." Explain. (250 words) 12.5

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

किसानों के विरुद्ध शोषण की पृष्ठभूमि लिखें।

कांग्रेस का ~~किस~~ नेतृत्व अपने जन्म के समय से ही विभिन्न हाथों में रहा, उसी अनुसार विभिन्न वर्गों के प्रति कांग्रेस का दृष्टिकोण परिवर्तित होता गया।

उदारवादी दौर पर आंदोलन में लाना नहीं लिखें

शुरूआत काल खंड में 1885 से 1915 तक कांग्रेस का नेतृत्व उदारवादियों के हाथों में रहा, जिनकी प्रमुख माँगें औपनिवेशिक स्वराज, संवैधानिक सुधारों, ~~सिविल~~ सुधारों व आर्थिक सुधारों तक सीमित रही। इस समय किसानों द्वारा लगान में कमी, भूराजस्व प्रणाली में सुधार, जमींदार व महाजनों के शोषण से छुटकारा जैसी माँगों के प्रति दृष्टिकोण उदासीन बना रहा।

o बंगाल को पूर्ण समर्थन

कांग्रेस में गाँधीजी के आगमन के साथ ही कांग्रेस किसान समस्याओं के प्रति गंभीर हुई। वास्तव: अब तक कांग्रेस का उदारवादी धड़ा आम आदमी की ताकत में विश्वास नहीं करता था इसलिए वह

Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

किसानों को आंदोलन से दूर रखता है। किन्तु गाँधीवादी रणनीति 'अधिकतम जनसहभागिता' की ओर प्रवृत्त थी। गाँधी ने खेड़ा, चम्पारण में प्रभावी तरीके से किसानों की माँग को उठाया। और काँग्रेस के दरवाजे किसानों के लिए भी खुलवाये।

अब किसानों की माँगों को कांग्रेस ने राष्ट्रवादी माँग बना दिया। जिसकी अभिव्यक्ति गाँधी जी की 11 सूत्रीय माँगों में दिखाई देती है, जहाँ उन्होंने लगान को कम किए जाने, मालगुजारी कम करने, की बात की। इसी दौरान पटेल जैसे नेता भी किसानों की माँगों को प्रभावी तरीके से उठाते रहे।

1937 के समय जब काँग्रेस की राज्यों में सरकार बनी तो किसानों द्वारा जमींदारी व्यवस्था को खत्म किए जाने के प्रति कांग्रेस ने नरम रवैय्या अपनाया और भूराजस्व में कमी करने व जमींदारी व्यवस्था को खत्म करने से बचती रही।

641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

इस प्रकार कांग्रेस राष्ट्रीय आंदोलन के चरण में किसानों की मांगों को लेकर विविध दृष्टिकोण लेकर चलती है, यद्यपि आजादी के बाद उसने किसानों की ज्यादातर मांगों को पूरा कर दिया।

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)

3½

	Introduction	Context	Content	Language	Current Link / Examples	Conclusion	Error
Marks	1/4	2	1/2	1/4		1/4	✓
Grade	B	B	D	B		B	

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें। (Please do not write anything except the question number in this space)

8. औपनिवेशिक अर्थतंत्र ने किस प्रकार आदिवासी विद्रोहों के प्रस्फुटन की पृष्ठभूमि का निर्माण किया? पूर्वी भारत के आदिवासी विद्रोहों का उदाहरण लेते हुए उत्तर दीजिये। (250 शब्द) 12.5

How colonial economy build background of eruption of tribal revolts? Explain above statement by citing the examples of tribal revolts in eastern India. (250 words) 12.5

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)

आदिवासियों का परिचय दें।

भारतीय इतिहास में पहली बार हुआ कि आदिवासी समाज इतना उग्र हुआ कि वह विद्रोह पर उतर आया, जिसके पीछे ब्रिटिशों की विविध राजनीतिक, प्रशासनिक, आर्थिक, सामाजिक नीतियाँ जिम्मेदार थी।

आदिवासी विद्रोहों के प्रमुख आर्थिक कारण निम्न हैं -

(1) ब्रिटिश आधिपत्य के साथ ही विभिन्न भूराजस्व नीतियों का विस्तार आदिवासी क्षेत्रों में किया गया। बंगाल, उड़ीसा, कर्नाटक, झारखंड, छत्तीसगढ़ के क्षेत्रों में किसानों को भूमि अधिकारों से वंचित कर दिया, जबकि उनके पूर्वज उस जमीन पर खेती करते आ रहे थे। संथाल विद्रोह, कोल विद्रोह इसी का परिणाम थे।

(2) रेलवे तथा सड़कों के विकास के दौरान जबरन आदिवासियों को मजदूर बनाया गया तथा भूमि का अधिग्रहण कर

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

उसका मुआवजा नहीं दिया। मणिपुर में हुए विद्रोह के पीछे जबरन मजदूर बनाना ही कारण रहा।

(3) अपने आर्थिक हितों को पूरा करने के क्रम में अंग्रेजों ने उनके सामाजिक मामलों में हस्तक्षेप देना शुरू किया जिसका आदिवासियों ने मुखर विरोध किया। वस्तुतः मिशनरी व अंग्रेजी प्रशासन उन्हें ब्रिटिश शिक्षा के जरिये रंग रूप में भारतीय किन्तु रुचि से अंग्रेज बनाना चाहते थे ताकि वे ब्रिटिश माल खरीदें।

(4) आदिवासियों पर पहली बार अंग्रेजों ने कर आरोपित किए। संथालों द्वारा शराब निर्माण करने पर भी कर लगा दिया, जो कि आदिवासियों को अस्वीकार्य था।

(5) इन क्षेत्रों में खनिज संसाधनों की मौजूदगी थी। कोयला एवं लोहा की उपलब्धता थी। अंग्रेजों ने बिना मुआवजे के आदिवासियों की भूमि को अधिग्रहित कर लिया।

(6) ब्रिटिश ने बागानों में खेती को प्रोत्साहित किया जहाँ आदिवासियों से जबरन बेगार

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

करवाई जाती। जो आदिवासी क्रुद्ध हुए।

इस प्रकार ब्रिटिश सर्वतंत्र ने आदिवासियों का जीना दूभर कर दिया, जिससे अंततः आदिवासियों को विद्रोह के लिए बाध्य होना पड़ा।

4+1/2

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

	Introduction	Context	Content	Language	Current Link / Examples	Conclusion	Error
Marks	1/4	2	1 1/2	1/4		1/4	1
Grade	B	B	C	B		B	

Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

9. क्या आप मानते हैं कि 18वीं-19वीं शताब्दी में शुरू हुआ भारतीय पुनर्जागरण आंदोलन, भारत में राष्ट्रवाद के अंकुरण की पूर्व शर्त थी? तर्कों द्वारा अपने उत्तर को स्पष्ट कीजिये। (250 शब्द) 12.5

Do you agree that the Indian renaissance movement started in 18th-19th century was the precondition for the germination of nationalism in India. Substantiate your answer with arguments. (250 words) 12.5

पुनर्जागरण और परिणामिक

भारतीय राष्ट्रवाद किसी एकल कारण का परिणाम नहीं रहा, किन्तु आरंभिक स्तर पर जिस कारण ने इसे मजबूत आधार प्रदान किया वह भारतीय पुनर्जागरण आंदोलन था।

राष्ट्रवाद के अंकुरण में पुनर्जागरण आंदोलन की भूमिका निम्न प्रकार दृष्टिगोचर होती है-

(1) धर्म सुधार आंदोलन ने धार्मिक रूढ़ियों, सामाजिक विद्रूपताओं को दूर करने का प्रयास किया और बताया कि हमारी गुलामी के पीछे हमारा सामाजिक धार्मिक पिछड़ापन है। अतः यह पिछड़ापन दूर कर आंदोलन ने तार्किक सोच, विचारों को प्रेरित किया। जिससे भारतीय अपनी समस्याओं को पहचानने लगे और ब्रिटिश को इनके पीछे जिम्मेदार पाकर इनके विरुद्ध संगठित हुए।

(2) स्वामी विवेकानंद ने कहा कि "लंबी से लंबी रात अब खत्म हो रही है।" जिसका मतलब

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

था कि अब भारतीय अपनी समस्याओं को दूर का संघर्ष करने को प्रस्तुत हैं। दयानंद सरस्वती ने भारतीय भारत भारतीयों के लिए का नारा देकर लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि "विदेशी शासन कितना भी बेहतर हो किन्तु सुखदायी नहीं हो सकता।" इससे राष्ट्रवादियों में प्रेरणा जगी।

(3) सुधारकों ने सामाजिक धार्मिक सुधारों के क्रम में विभिन्न पत्र पत्रिकाओं का प्रयोग किया, जिससे आधुनिक विचारों का प्रसार हुआ। इन पत्रिकाओं में बताया जाता कि भारत के पिछड़ेपन के लिए ब्रिटिश ही जिम्मेदार है। जिससे एक सशक्त जनमत ब्रिटिश के प्रति उत्तेजित हुआ।

(4) सुधारकों ने शिक्षण संस्थाओं की देश भर में स्थापना की तथा पाश्चात्य प्रगतिशील मूल्यों तथा ज्ञान विज्ञान को भारत में प्रेरित किया। जिससे भारतीय रूसो, वाल्टेयर, एडम स्मिथ जैसे विचारकों से रूबरू हुए और जनतंत्र, स्वशासन, मानवाधिकारों के प्रति चेतना आदि।

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

5 सुधारकों ने प्राचीन भारतीय संस्कृति के राष्ट्रवादी नायकों का उदाहरण जनता के सामने प्रस्तुत किया और ~~प्रेरित~~ हीनता ग्रंथि को दूर किया जिससे जनता का मनोबल बढ़ा व आत्मसम्मान का संचार हुआ, जिसने राष्ट्रवाद को जन्म दिया।

कुल मिलाकर राष्ट्रवाद का बीजांकुर पुनर्जागरणकालीन प्रवृत्ति में स्पष्ट देखा जा सकता है, जहाँ सुधारकों ने भारतीयों को इतिहास में एक राष्ट्र होने का बोध कराया।

5

	Introduction	Context	Content	Language	Current Link / Examples	Conclusion	Error
Marks	1/4	2	2	1/4		1/4	2
Grade	B	B	B	B		B	

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

10. "यदि भारत औपनिवेशिक शासन के दौर से नहीं गुज़रा होता, तो भारतीय समाज ने अपने मध्यकालीन जड़ता को तोड़कर आधुनिक काल में प्रवेश नहीं किया होता।" कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये। (250 शब्द) 12.5

"If India had not passed through a period of colonial rule, then Indian society would not have broken its medieval numbers and entered into modern era." Critically examine the statement. (250 words) 12.5

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)

मध्यकाल में भारतीय समाज सामाजिक आर्थिक राजनीतिक जड़ता का शिकार था। देश विभिन्न भौगोलिक इकाइयों में बँटा हुआ था, सामाजिक जड़ताओं ने समाज को गतिहीन बना रखा था तथा धार्मिक मान्यताएँ सभी अस्मिताओं पर हावी थीं।

ऐसे दौर में अंग्रेजों का आगमन हुआ। औपनिवेशिक शोषण के कारण सुधारकों ने अपने समाज को सुधारने, धर्म में शुचिता लाने को बाध्य किया। देश का राजनीतिक आर्थिक एकीकरण हुआ और पश्चिम के प्रगतिशील मूल्यों का प्रसार हुआ, जिससे भारतीय समाज की जड़ता टूटी और वह सामंतवादी दौर से आधुनिक दौर में आया।

Copyright - Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

(C) निःसंदेह अंग्रेजों का आगमन भारतीय समाज की ~~आधुनिक~~ जड़ता को तोड़ने का एक प्रभावी कारण है, किन्तु इसका यह मतलब नहीं कि भारत कभी इस सामाजिक जड़ता से बाहर नहीं आता। वस्तुतः धर्म सुधार आंदोलन भक्तिकाल में भी हुआ था और समाज की जड़ताओं को तोड़ने का प्रयास हुआ था। यूरोप के पुनर्जागरण का विश्लेषण करें तो पाते हैं कि वहाँ धार्मिक शोषण अत्यन्त बढ़ी था, जिसने जड़ता को तोड़ने का काम किया और वहाँ किसी बाहरी शक्ति का प्रभाव भी नहीं था। इसी प्रकार भारत में भी शोषण के चरम पर पहुँचने पर पुनर्जागरण होता, किन्तु अंग्रेजों के आगमन से यह शोषण शीघ्र ही समाज को झेलना पड़ा, जिसकी स्वाभाविक प्रतिक्रिया समाज सुधार थी। गौरतलब है कि समाज सुधार का इरादा अंग्रेजों का बिलकुल नहीं था।

(D) वस्तुतः भारतीय समाज में समाज सुधारों की एक महीन परंपरा भक्ति

o मध्यम वर्ग का उदय
o अंग्रेजी शिक्षा का विकास
o औद्योगीकरण

सराहनीय प्रयास

दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

आंदोलन से चली आ रही थी, किन्तु ब्रिटिश शोषण ने उसे व्यापकता प्रदान की।

